# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

**हरिद्वार–249404**

**वैबसाइटः psc.uk.gov.in**

**पत्रांक संख्याः 35/ उ.कु.प्रसा./ (प्र0सं0स0–ग) परीक्षा–2025/गोपन–03/2025–26** **दिनांकः:– 01.09.2026**

## विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञप्ति सं0–26/गोपन–03/2025–26 दिनांक 08 जुलाई 2026 के क्रम में आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली वस्तुनिष्ठ परीक्षाओं से सम्बन्धित उत्तरकुंजियों के लिए दो चरणों में आपत्तियां आमंत्रित की जा रही है। प्रथम चरण में प्रश्नों एवं विकल्पों की संरचना (Structure of Questions and Options) के संबंध में आपत्तियां आमंत्रित की जा रही है, जिसके पश्चात् द्वितीय चरण में औपबन्धिक उत्तरकुंजी को आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित करते हुए पुनः आपत्तियां आमंत्रित किये जाने हेतु उपलब्ध कराया जायेगा, जिसके लिए सूचना पृथक से प्रसारित की जायेगी।

02. प्रथम चरण के अन्तर्गत सहायक समीक्षा अधिकारी/असिस्टेंट लाइब्रेरियन/अनुवादक/टाइपिस्ट परीक्षा–2025 के **सामान्य ज्ञान** विषय हेतु वस्तुनिष्ठ परीक्षा की A सीरीज के प्रश्न पत्र को प्रश्नों एवं विकल्पों की संरचना (Structure of Questions and Options) के संबंध में आपत्तियां प्रस्तुत किये जाने हेतु आयोग की वेवसाइट (https://psc.uk.gov.in/) पर दिनांक **03.09.2026** को ऑनलाइन किया जायेगा। अभ्यर्थी प्रश्न–पत्र के ऑनलाइन प्रसारण के 07 दिनों के भीतर प्रश्नपत्र से सम्बधित प्रश्नों एवं विकल्पों की संरचना (Structure of Questions and Options) के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। प्रथम–चरण में अभ्यर्थी आपत्ति प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि दिनांक **09.09.2026** (समय रात्रि 23:59:59 बजे) तक ऑनलाइन माध्यम से आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रथम चरण में आपत्तियां प्रस्तुत किये जाने हेतु कोई शुल्क देय नही है।

03. यह भी सूचित किया जाता है कि प्रश्नों एवं विकल्पों की संरचना के संबंध में ऑनलाइन आपत्ति दर्ज किये जाने हेतु विस्तृत दिशानिर्देश आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराये जा रहे है। आपत्तियाँ केवल Online माध्यम से प्राप्त की जायेंगी। Online माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**S/d-**
**(अशोक कुमार पाण्डेय)**
**सचिव।**